STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

Class-IV

Subject- 2nd language (Hindi)

Date- 5.6.2020

Worksheet-18 Time limit 30 minute

बच्चों, पत्र लेखन के विषय में कुछ विशेष बातें बताई जा रही है, उसे ध्यान से पढ़े।

साथ ही एक पत्र भेजा जा रहा है "मित्र को जन्मदिन पर आमंत्रित करने हेतु पत्र"।

इसे देखकर कागज़ पृष्ठ पर दिनांक अनुसार लिखें और समझें।

पत्र के द्वारा हम अपनी बात लिखकर दूसरों तक पहुँचाते हैं। संचार के बहुत से साधन होने पर आज भी पत्र महत्त्वपूर्ण साधन है।

पत्र के प्रकार

प्रार्थना पत्र (औपचारिक)
ऐसे पत्र विद्यालय के प्रधानाध्यापक, कक्षा अध्यापक, संपादक, पुस्तक-विक्रेता आदि को लिखे जाते हैं। ये पत्र बहुत संक्षेप में लिखे जाते हैं।

परिवार को लिखे पत्र (अनौपचारिक)
ये पत्र मित्रों, प्रियजनों तथा संबंधियों को लिखे जाते हैं।

पत्र लिखते समय ध्यान देने योग्य बातें—

* पत्र की भाषा सरल, सहज और स्पष्ट हो।
* पत्र में लिखे वाक्य छोटे-छोटे और अर्थपूर्ण हों।
* पत्र में लिखावट साफ़, सुंदर और स्पष्ट हो।
* विराम-चिह्नों का उचित प्रयोग हो।
* पत्र में पहले अपना नाम, पता फिर जिसे पत्र लिखा जा रहा है, उसका पता लिखें।

लिफ़ाफ़े पर लिखी जानेवाली बातें—

* जिसे पत्र भेजा जा रहा है, लिफ़ाफ़े पर उसका नाम, पूरा पता तथा पिनकोड अवश्य लिखें।
* डाक टिकट लगाएँ।
* लिफ़ाफ़े की दूसरी ओर भेजनेवाले का नाम, पूरा पता तथा पिनकोड लिखें। जैसे—



1. मित्र को अपने जन्म-दिवस पर आमंत्रित करने हेतु पत्र।

59, रेज़ीडेंसी रोड

कोलकाता

31 मई, 20...

प्रिय सुहेल

तुम्हें याद ही होगा कि सात जून को मेरा जन्म-दिन होता है। हर बार की तरह इस बार भी मेरे माता-पिता जन्म-दिवस के उपलक्ष्य में पार्टी का आयोजन कर रहे हैं। मैं चाहता हूँ कि तुम अपनी छोटी बहन के साथ अवश्य आओ।

इस बार नयापन लाने के लिए पार्टी का विषय निर्धारित किया गया है और विषय है—खेल। पूरी व्यवस्था खेल के मैदान के अनुरूप होगी। कमरे में हरे रंग का गलीचा बिछा होगा जो घास जैसा दिखेगा। सजावट भी खेल के मैदान की तरह होगी। मेरे सभी मित्रों को ट्रैक सूट, स्पोर्ट्स शूज़ या किसी खेल की ड्रेस में ही आना होगा। अब सोच लेना क्या पहनना चाहोगे। खाने-पीने में भी कुछ नवीनता होगी, जो अभी नहीं बताऊँगा।

यह 'विषय-पार्टी' शाम 5 बजे से 7 बजे तक हमारे घर पर ही होगी। मुझे कुछ कामों में तुम्हारी मदद चाहिए, अतः तुम 4 बजे पहुँच जाना।

अपने माता-पिता को मेरा प्रणाम और चिंकी को प्यार देना। तुम्हारी प्रतीक्षा रहेगी।

तुम्हारा दोस्त

अंकित